प्रेस नोट थाना अलापुर जनपद बदायूँ दिनाँक 31-01-2025

थाना अलापुर व थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की 02 घटनाओं का किया गया सफल अनावरण

एस0ओ0जी0 टीम व थाना अलापुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तगण को मय तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया"

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अलापुर व एस0ओ0जी0 टीम द्वारा आज दिनाँक 31-01-2025 को थाना अलापुर व थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत दिनाँक 16-01-2025 को हुई लूट की 02 घटनाओं का संकलित साक्ष्यों एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर सफल अनावरण करते हुए 02 अभि0गण 1.कालीचरन यादव पुत्र दीवान सिंह यादव नि0 ग्राम दरियापुर थाना मुजरिया जनपद बदायूँ 2. रवि उर्फ राम सच्चे पुत्र जगपाल नि0 ग्राम कुर्रिया थाना सवायजपुर जनपद हरदोई को मय एक अदद तमंचा 32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 32 बोर तथा लूट की धनराशि में से बचे शेष 1500/-रु0 बरामद करते हुए मय घटना में प्रयुक्त सफेद अपाचे मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर थाना अलापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 25/25 धारा 309(4) बीएनएस तथा थाना सिविल लाइन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/25 धारा 309(4) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः - दिनाँक 16-01-2025 को रात्रि के समय थाना अलापुर क्षेत्रान्तर्गत जगत बाईपास पर दो सगे भाइयों के साथ 04 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा तमचा दिखाकर लूटपाट की घटना कारित की गई थी। जिसमें उनके मोबाइल व कुछ धनराशि लूट ली गई थी, तत्पश्चात् इन्ही मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अभि0गण द्वारा पुनः थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत मण्डी चौकी के पास में एक सरकारी आपरेटर को तमंचा दिखाकर लूट की घटना कारित की गई थी। उपरोक्त दोनों लूट की घटनाओं के सम्बन्ध में क्रमशः थाना अलापुर पर मु0अ0सं0 25/25 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात तथा थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 29/25 धारा 309(4) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त सनसनीखेज लूट की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा एस0ओ0जी0/सर्विलांस टीम व थाना अलापुर पुलिस टीम को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में उपरोक्त टीमों द्वारा सतत प्रयास करते हुए मुखबिर एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आए 02 अभि0गण 1.कालीचरन यादव पुत्र दीवान सिंह यादव नि0 ग्राम दरियापुर थाना मुजरिया जनपद बदायूँ 2. रवि उर्फ राम सच्चे पुत्र जगपाल नि0 ग्राम कुर्रिया थाना सवायजपुर जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई धनराशि में से शेष बचे 1500/-रु0 तथा एक अदद तमंचा 32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 32 बोर तथा घटना में प्रयुक्त सफेद अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनस की बढोत्तरी की गई है तथा प्रकाश में आए अन्य शेष 02 अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे है।

अभियुक्तगण से पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभि0गण से पूछताछ करने पर एक स्वर में बताया गया कि हम चार दोस्त हैं। हम चारों ने मिलकर अपने शौक व खर्चे पूरे करने के लिए दिनाँक 16-01-2025 की रात्रि में लूट की योजना बनाई थी तथा हमने सफेद अपाचे मोटरसाइकिल से तमन्चा दिखाकर जगत बाईपास और मण्डी के पास दो अलग-अलग जगहों पर लोगों के रुपये व मोबाइल छीन लिये थे। लूटे गए रुपयों में से हम चारों ने बराबर-बराबर बांट लिए थे जिनमें से हम दोनों के हिस्से में कुल 3500 रुपये आये थे जिनमें से कुछ रुपये खर्च कर दिए थे। लूटे गए चारों मोबाइल हमारे दोनों अन्य साथियों के पास हैं। जिनका बंटवारा बाद में होने की बात तय हुई थी।

घटना का दिनाँक व समयः- 16-01-2025 व 21.00 बजे एवं 22.30 बजे रात्रि

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-
1.कालीचरन यादव पुत्र दीवान सिंह यादव नि0 ग्राम दरियापुर थाना मुजरिया जनपद बदायूँ
2. रवि उर्फ राम सच्चे पुत्र जगपाल नि0 ग्राम कुर्रिया थाना सवायजपुर जनपद हरदोई

आपराधिक इतिहास कालीचरन यादवः-
1. मु0अ0सं0 25/25 धारा 309(4)/317(2) BNS थाना अलापुर बदायूँ
2. मु0अ0सं0 29/25 धारा 309(4)/317(2) BNS थाना सिविल लाईन बदायूँ
3. मु0अ0सं0 44/2025 धारा 3/25(1-B)(a) A.ACT थाना अलापुर बदायूँ

आपराधिक इतिहास रवि उर्फ राम सच्चेः -
1. मु0अ0सं0 25/25 धारा 309(4)/317(2) BNS थाना अलापुर बदायूँ
2. मु0अ0सं0 29/25 धारा 309(4)/317(2) BNS थाना सिविल लाईन बदायूँ

बरामदगीः-
1. लूटी गई धनराशि में से शेष बचे 1500/-रु0
2. एक अदद तमंचा 32 बोर मय 02 जिन्दा कार0 32 बोर
3. घटना में प्रयुक्त सफेद मोटरसाइकिल अपाचे

गिरफ्तार करने पुलिस वाली टीमः-
1.प्रभारी निरीक्षक श्री धनंजय सिंह थाना अलापुर मय टीम
2. निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह प्रभारी एस0ओ0जी मय टीम
3. निरीक्षक अरिहन्त कुमार सिद्धार्थ प्रभारी सर्विलांस मय टीम
4. एस0ओ0जी उ0नि0 धर्वैन्द्र सिंह

सोशल मीडिया सेल
जनपद बदायूँ।